**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to give forest clearance for the infrastructure development in the villages settled in forest areas in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा):** आदरणीय सभापति महोदय, वर्तमान समय में हमारे गुजरात में और मेरे संसदीय क्षेत्र में बहुत से छोटे-छोटे निर्जन गांव ऐसे हैं, जिनका कच्चा रास्ता फॉरेस्ट एरिया से होकर गुजरता है ।

ये गांव सैकड़ों वर्ष पुराने हैं, लेकिन इन गांवों के लोगों को आज भी फॉरेस्ट क्लियरेंस की वजह से मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं । ऐसे गांवों के विकास के लिए बिजली, पानी, सड़क, स्कूल इत्यादि विकास कार्यों के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस में वर्षों का समय लग जाता है, जिसका खामियाजा वहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है ।

अत: मेरा आपसे अनुरोध है कि इस क्षेत्र के विकास के लिए सरकार द्वारा कोई ऐसी नीति बनाई जाए, जिससे वहां के विकास कार्यों को करने में किसी प्रकार का विलंब एवं बाधा उत्पन्न न हो । धन्यवाद ।